<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–28 मई 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किये पद्म पुरस्कार। प्रदेश की साध्वी ऋतंभरा को पद्मभूषण, सैयद एनुल हसन, सोनिया नित्यानंद और भुलई भाई सहित चार को मिला पद्मश्री। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी बधाई।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत को आतंकवादी गतिविधि का प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं।
- मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में लिया हिस्सा। कहा– हर नागरिक के जीवन में परिवर्तन लाने की है सरकार की मंशा।
- संतकबीरनगर में हुयी एक सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत। दो गम्भीर रूप से घायल। मुख्यमंत्री ने बताया शोक।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष दो हजार पचीस के लिए प्रतिष्ठित हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। इस वर्ष सरकार ने एक सौ उन्तालिस पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी, जिसमें सात पद्म विभूषण, उन्नीस पद्मभूषण और एक सौ तेरह पदश्री पुरस्कार शामिल हैं। पहले अलंकरण समारोह के दौरान राष्ट्रपति ने वर्ष दो हजार पचीस के लिए इकहत्तर प्रतिष्ठित हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किये थे। ये पुरस्कार कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल तथा प्रशासनिक सेवा सहित विभिन्न विषयों और क्षेत्रों में दिए जाते हैं। एक रिपोर्ट

***दूसरे अलंकरण समारोह में उत्तर प्रदेश की साध्वी ऋतंभरा को समाज सेवा के लिये पद्मभूषण से सम्मानित किया गया। प्रदेश के सैयद एनुल हसन को साहित्य और शिक्षा, प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद को चिकित्सा, प्रोफेसर आशुतोष शर्मा को विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में, वहीं श्री नारायण भुलई भाई को सार्वजनिक मामलों के लिये मरणोपरान्त पद्मश्री प्रदान किया गया। आकाशवाणी समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पद्म पुरस्कार पाने वाले प्रदेश के सभी प्रतिष्ठित हस्तियों को बधाई दी है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हाल की घटनाओं ने साबित कर दिया है कि भारत के खिलाफ तथाकथित छद्म युद्ध वास्तव में एक सुनियोजित युद्ध रणनीति है। गुजरात के गांधीनगर में महात्मा मंदिर में कल एक जनसभा में उन्होंने कहा कि छह मई की घटनाओं के बाद, भारत को अब आतंकवादी गतिविधि का प्रमाण प्रदान करने की आवश्यकता नहीं है।

***छह मई के बाद जिनका कत्ल हुआ, उस जनाजे को स्टेट ऑनर दिया गया पाकिस्तान में। उनके कॉफिन्स पर पाकिस्तान के झंडे लगाए गए। उनकी सेना ने उनको सेल्यूट दी। ये सिद्ध करता है कि आतंकवादी गतिविधि ये प्रोक्सीवॉर नहीं है, ये आपकी सोची–समझी युद्ध की रणनीति है। आप वॉर ही कर रहे हैं। उसका जवाब भी वैसे ही मिलेगा।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अपने मूल दायरे से परे विस्तार करेगा। यह राष्ट्रीय प्रगति के लिए एक आजीवन प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य पहल नहीं है, बल्कि प्रत्येक भारतीय की साझा की गई जिम्मेदारी है।

**********

भारत के आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का संदेश दुनिया भर में गूंज रहा है। इसी कड़ी में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान के सीमा पार आतंकवाद को उजागर करने के लिए विभिन्न देशों में विश्व नेताओं, सांसदों, मीडिया और नागरिक समाज के साथ लगातार बातचीत कर रहा है। जनता दल यूनाइटेड सांसद संजय झा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर के विदेश मंत्री, सांसदों के समूह, चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों और व्यापारिक प्रमुखों के साथ बातचीत की। डीएमके सांसद कनिमोई के नेतृत्व में एक अन्य प्रतिनिधिमंडल ने लजुब्लजाना में स्लोवेनिया की राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष मार्को लोट्रिक से मुलाकात की। वहीं, भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में एक अन्य प्रतिनिधिमंडल ने कुवैत में भारतीय प्रवासियों के एक समूह को संबोधित किया। फ्रांस में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद की अध्यक्षता वाले समूह ने पेरिस में फ्रांसीसी मीडिया से बातचीत की।

**********

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठावले कल फतेहपुर में सामाजिक अधिकारिता शिविर में शामिल हुए। शिविर में दिव्यांग जनों को मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल, बैसाखी समेत अन्य दिव्यांग सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री अठावले ने कहा कि केंद्र सरकार जरूरतमंदों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**********

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड– सीबीडीटी ने इस साल आयकर रिटर्न–आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि इकतीस जुलाई से बढ़ाकर पंद्रह सितंबर कर दी है। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि इस विस्तार से आईटीआर फॉर्म में महत्वपूर्ण संशोधन, सिस्टम डेवलपमेंट की जरूरतों और टीडीएस क्रेडिट रिफ्लेक्शन के कारण लोगों को अधिक समय मिलेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित बारह सौ जोड़ों के विवाह कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का ही एक अभियान है। सरकार की मंशा हर एक नागरिक के जीवन में परिवर्तन लाने की है।

***गरीब के जीवन में परिवर्तन लाने के उद्देश्य से ही कन्या मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मातृ वंदना योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का कार्यक्रम गरीबों के लिए आयुष्मान भारत की सुविधा का लाभ हर गरीब के लिए उनको मिलने वाली सुविधा का लाभ उन्हें उपलब्ध करवाया जा रहा है और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की योजना भी उसी प्रगतिशील सोच का एक प्रतीक है।***

**********

रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के त्रिशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में कार्यक्रमों के आयोजन का सिलसिला जारी है। कल ग्रेटर नोएडा में आयोजित एक कार्यक्रम में केन्द्र सरकार की पूर्व कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी ने हिस्सा लिया। इस असर पर उन्होंने अहिल्याबाई के व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा की। अमरोहा और हापुड़ में भी कार्यक्रमों के जरिये अहिल्याबाई होल्कर को याद किया गया।

**********

इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल दो हजार पचीस का आखिरी और सत्तरवां लीग मुकाबला कल लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में हुआ। यह मैच लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया, जिसे रॉयल चैलेंजर्स ने छः विकेट से जीत लिया। इस जीत के साथ रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू की टीम क्वालिफायर वन राउंड में पहुंच गयी है, जहां उसका मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। कल के मैच में टॉस जीतने के बाद रॉयल चैलेंजर्स ने लखनऊ की टीम को बल्लेबाजी करने के लिये आमंत्रित किया। लखनऊ की टीम ने बीस ओवर में तीन विकेट खो कर दो सौ सत्ताइस रन बनाये। बैंगलुरू की टीम ने इस लक्ष्य को चार विकेट खो कर प्राप्त कर लिया।

**********

संतकबीरनगर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग अट्ठाइस पर कांटे मुण्डेरवा मार्ग के पास कल हुयी एक सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना तब हुयी जब बस्ती जिले से गोरखपुर को जा रही परिवहन निगम की एक बस ने एक ऑटो को टक्कर मार दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुर्घटना का संज्ञान लेते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं।

**********

मौसम विभाग ने कहा है कि इस वर्ष मानसून सीजन में देशभर में वर्षा सामान्य से अधिक होने की संभावना है। विभाग के महानिदेशक, मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि जून से सितंबर के बीच होने वाली वर्षा मौसमी औसत से अधिक रहने की संभावना है।

***देश के लिए खुश खबरी है, वर्षा सामान्य से ज्यादा होने का संभावना है और क्वानटेटिवली 106 प्रतिशत वर्षा होने का संभावना है। 5 जून से 30 सितम्बर का क्यूमेलेटिव का रेनफॉल तो दिखे सिमिलर जून महीने की बात करें तो एबव नॉर्मल रेनफॉल होने का संभावना है और हीट वेव कंडीशन्स भी ब्लो नॉर्मल होने का संभावना है।***

इस बीच, प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में दो जून तक गरज चमक के साथ बारिश का पूर्वानुमान है।

**********